**प्रेस नोट**
**दिनांक 10.10.2025**

## अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी द्वारा जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट के समापन समारोह में किया गया प्रतिभाग, मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत बालिकाओं को किया गया जागरूक–

गोण्डा। आज दिनांक 10.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत द्वारा थाना वजीरगंज क्षेत्रान्तर्गत शीतला देवी मेमोरियल शिक्षण संस्थान इण्टर कालेज हथिनाग डुमारियाडीह में आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट के समापन समारोह में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत ने विजेता एवं प्रतिभागी छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास, टीम भावना एवं नेतृत्व कौशल को भी मजबूत करते हैं। प्रत्येक छात्र–छात्राओं को शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद में भी समान रूप से भाग लेकर अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना चाहिए। समापन समारोह के दौरान द्वारा उपस्थित बालिकाओं को मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि "मिशन शक्ति" अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में आत्मरक्षा की भावना विकसित करना, उन्हें कानूनी अधिकारों, हेल्पलाइन सेवाओं एवं आत्मनिर्भरता के साधनों के प्रति सजग बनाना है। समाज में महिला सशक्तिकरण तभी संभव है जब प्रत्येक बालिका आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर अपने अधिकारों की जानकारी रखे और आवश्यकतानुसार उनका प्रयोग करे। किसी भी महिला/बालिका को किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, साइबर अपराध या हिंसा की स्थिति में वे बिना किसी भय के पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1090 (वीमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन) पर तत्काल सूचना दें। पुलिस विभाग प्रत्येक महिला और बालिका की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने बालिकाओं से सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, अनजान लोगों से ऑनलाइन बातचीत में सावधानी बरतने तथा अपनी निजी जानकारी साझा न करने की भी अपील की। साथ ही पम्पलेट वितरित कर उपस्थित छात्राओं को आत्मरक्षा के उपायों की जानकारी देते हुए उन्हें आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया।

**इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला माध्यमिक संघ के अध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 10.10.2025**

## ‘ऑपरेशन कन्विक्शन’ के तहत प्रभावी पैरवी से हत्याभियुक्त को हुई सश्रम आजीवन कारावास व रूपये 1,00,000/– के अर्थदण्ड की सजा–

**घटना का संक्षिप्त विवरण–**
वादी नरेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र शारदा बक्स सिंह निवासी ग्राम किशुनदासपुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा द्वारा थाना नवाबगंज में सूचना दी कि दिनांक 13.05.2020 की रात्रि में गांव के रामकुमार पुत्र बालेदीन व शिवमंगल पुत्र रामकुमार ने पारिवारिक विवाद के कारण अपनी पुत्री की हत्या कर शव को पटपरगंज नदी किनारे गाड़ दिया है। वादी नरेन्द्र बहादुर सिंह की लिखित तहरीर पर थाना नवाबगंज में सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ था। विवेचना के दौरान दोषी पाए गए शिवमंगल पुत्र रामकुमार को थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। थाना स्थानीय पर तत्कालीन विवेचक द्वारा साक्ष्य संकलन व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र दिनांक 17.06.2020 को माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया।

**दोषसिद्धि का विवरण–**
श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ महोदय के आदेश के क्रम एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में आज दिनांक 10.10.2025 को थाना नवाबगंज में पंजीकृत हत्या सम्बन्धी अपराध में अभियोजक श्री अमित पाठक, थाना नवाबगंज के पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर के द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री राजेश कुमार तृतीय द्वारा अभियुक्त सुकई को दोषसिद्ध करते हुए सश्रम अजीवन कारावास व रू0 1,00,000/– के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

**अभियुक्त का नाम पता–**
01. शिवमंगल पुत्र रामकुमार नि0 चाईपुरवा किशुनदास पुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा।

**अभियोग का विवरण–**
01. मु0अ0सं0–205/20, धारा 302,201 भादवि थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक –10.10.2025</u>**

## <u>मिशन शक्ति 5.0 अभियान के दृष्टिगत थाना धानेपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति एवं एण्टी रोमियो टीम की संयुक्त कार्यवाही में 05 मनचलों को रेड कार्ड जारी किए</u>

गोण्डा। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद गोण्डा में निरंतर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 10.10.2025 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर महोदय एवं प्रभारी निरीक्षक थाना धानेपुर के नेतृत्व में थाना धानेपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति एवं एण्टी रोमियो टीम के साथ मिलकर व्यापक कार्यवाही की गई। थाना धानेपुर क्षेत्र में 05 मनचले अभियुक्तों को रेड कार्ड जारी कर सख्त चेतावनी दी गई।

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा</u>**